निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि शेष 10 ग्रामों को हर घर जल प्रमाणित कराना सुनिश्चित करें।

8. **ग्राम प्रधानों/ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायतों के सापेक्ष निस्तारण:–**

ग्रामवासियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी शिकायतें शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 33 शिकायतें, सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 52 शिकायतें लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 41 शिकायतें, कवरई ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 19 शिकायतें तथा धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 118 शिकायतें का निस्तारण अभी शेष है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त संबंधित समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

9. **कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का विवरण:–**

धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 04 शिकायतें, सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 01 शिकायत, कवरई ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत 02 शिकायतें तथा ईगल इन्फ्रा इण्डिया लिमिटेड के अन्तर्गत 01 शिकायत निस्तारण हेतु अभी शेष हैं। उक्त लम्बित शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर तथा अधिशापी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि अवशेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

10. **जल जीवन मिशन पोर्टल पर शिकायतों का विवरण:–**

समीक्षा बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के पोर्टल दिनांक 23.02.2026 एवं दिनांक 09.03.2026 की लम्बित शिकायतों के रिपोर्टस का अवलोकन करने पर निम्नलिखित स्थिति परिलक्षित होती है:–

| क्रम संख्या | परियोजना का नाम | 20 दिनों से अधिक लम्बित शिकायतों वाले ग्रामों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | दिनांक 23.02.2026 | दिनांक 09.03.2026 | प्रगति |
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना | 10 | 11 | –01 |
| 2. | लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना | 12 | 14 | –02 |
| 3. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना | 18 | 21 | –03 |
| 4. | कवरई ग्राम समूह पेयजल योजना | 07 | 07 | 0 |
| 5. | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना | 24 | 31 | –07 |

उक्त से स्पष्ट है कि 15 दिवस व्यतीत हो जाने के पश्चात भी परियोजनाओं से आच्छादित ग्रामों की शिकायतों के निस्तारण में पर्याप्त प्रगति नहीं हो रही है अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशापी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) तथा सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर्स को निर्देशित किया गया कि पेयजल के सम्बन्ध में पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का स–समय निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

10. **ग्राम सचिवों की आख्या के अनुसार रोड़ रेस्टोरेशन एवं लीकेज की स्थिति:–**

| क्र0सं0 | योजना का नाम | रेस्टोरेशन लक्ष्य | रेस्टोरेशन पूर्ण | रेस्टोरेशन शेष | लीकेज लक्ष्य | लीकेज पूर्ण | लीकेज शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिवहार ग्रा.स.पे.यो. | 191 | 125 | 66 | 121 | 121 | 0 |
| 2 | लहचूरा–काशीपुरा ग्रा.स.पे.यो. | 97 | 37 | 60 | 128 | 98 | 30 |
| 3 | सलैया–नाथूपुरा ग्रा0सं.पे.यो. | 161 | 117 | 44 | 69 | 68 | 1 |
| 4 | कवरई ग्रा.सू.पे.यो. | 62 | 26 | 36 | 41 | 41 | 0 |
| 5 | धवर्रा–सिजवाहा ग्रा.स.पे.यो. | 298 | 136 | 162 | 113 | 93 | 20 |
| | कुल योग :– | 809 | 441 | 368 | 472 | 421 | 51 |

अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सचिव एवं ग्राम प्रधान के माध्यम से प्राप्त अवशेष रोड़ रेस्टोरेशन 809 सडकों के सापेक्ष 441 सड़कों की

Scanned with OKEN Scanner

